7

पत्र संख्या-स्था-6-सामान्य लिपिक संवर्ग प्रान्तीय अधिवेशन /2024-25/ 357 / राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक:: 26 अप्रैल, 2024

::कार्यालय ज्ञाप::

श्री संजय कुमार सिंह, प्रान्तीय अध्यक्ष एवं श्री जय प्रकाश मौर्य, प्रान्तीय महामंत्री उत्तर प्रदेश राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टॉफ एसोसिएशन, उ0प्र0 के अनुरोध पर आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश दिनांक 24.04.2024 द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टॉफ एसोसिएशन, उ0प्र0 का प्रान्तीय अधिवेशन दिनांक 12 व 13 जुलाई, 2024 (शुक्रवार एवं द्वितीय शनिवार) को जनपद-अयोध्या में कराने का निर्णय लिया गया है।

संघ के उक्त अधिवेशन में सम्मिलित होने हेतु संघ के इच्छुक सदस्यों/कर्मचारियों से एक दिन अर्थात् दिनांक 12 जुलाई, 2024 के लिये विशेष आकस्मिक अवकाश का प्रार्थना-पत्र प्राप्त होने पर एम0जी0ओ0 के पैरा-1082(5) के अन्तर्गत उन्हे विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कर दिया जाये।

संघ के ऐसे सदस्यों को, जो सेवा से निलम्बित अथवा निष्कासित है अथवा अब उत्तर प्रदेश राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टॉफ एसोसिएशन, उ0प्र0 के सदस्य नहीं रह गये हैं, को उपर्युक्त अवकाश स्वीकृत नही किया जायेगा। यह भी ध्यान में रखा जायेगा कि उक्त तिथियों में अवकाश के कारण राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न न हो।

कृपया इस आशय की सूचना एसोसिएशन के स्थानीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी दे दें और इस आदेश की प्रति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी तुरन्त चस्पा करा दें।

ह0
(सुनील कुमार वर्मा)
अपर आयुक्त(प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- जिलाधिकारी, अयोध्या।
2- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अयोध्या।
3- वरिष्ठ स्टॉफ ऑफिसर, आयुक्त कैम्प, राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4- अपर आयुक्त, राज्य कर, गौतमबुद्ध नगर जोन-नोएडा।
5- समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश (गौतमबुद्ध नगर जोन-नोएडा को छोड़कर)।
6- अपर निदेशक (प्रशिक्षण) राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7- अपर आयुक्त ग्रेड-2(उच्च न्यायालय कार्य) राज्य कर, इलाहाबाद / लखनऊ।
8- समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-2, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
9- संयुक्त आयुक्त(सर्वोच्च न्यायालय कार्य) राज्य कर, गाजियाबाद।
10- समस्त संयुक्त आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
11- संयुक्त आयुक्त(आई0टी0), राज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।
12- समस्त उपायुक्त(प्रशासन) / सहायक आयुक्त(ए), राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
13- प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उत्तर प्रदेश राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टॉफ एसोसिएशन, उ0प्र0।

26.4.24

संयुक्त आयुक्त (स्था0अरा0रा0) राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

श्री अजय
29/04/24
D.C.(प्रशा0)
26/04/2024
330